12/08/2024

आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कृषि क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार की आवश्यकता पर बल दिया है। कल नई दिल्ली में पूसा में बीजों की 109 नई किस्मों के विमोचन पर प्रधानमंत्री ने कहा कि ये किस्में कृषि में नवाचार का परिणाम है। किसानों के साथ बातचीत के दौरान, श्री मोदी ने कहा कि किसान धरती माता के प्रति और अपनी जिम्मेदारी के प्रति सचेत हैं तथा स्वेच्छा से कीटनाशकों को त्यागकर जैविक खेती की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। प्रधानमंत्री ने नई किस्म के बीजों को एक छोटे खंड में प्रयोग करने और संतोषजनक परिणाम आने के बाद ही इसका व्यापक उपयोग करने का सुझाव दिया। प्रधानमंत्री ने अपने तीसरे कार्यकाल में तिगुनी गति से काम करने की प्रतिबद्धता दोहराई। प्रधानमंत्री ने कहा है कि केंद्र सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। श्री मोदी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसानों से उनकी मुलाकात एक यादगार अनुभव है।

00000000000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी से **मन की बात** कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 113वीं कडी होगी। कार्यक्रम के लिये लोगों से विचार और सुझाव टोल फ्री नम्बर-1800 11 7800 पर आमंत्रित हैं।

नरेन्द्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम पर भी विचार साझा किए जा सकते हैं। विचार और सुझाव इस महीने की 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे।

मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर तथा आकाशवाणी समाचार की वेबसाइट और न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल ऐप पर प्रसारित होगा। आकाशवाणी और दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी यह उपलब्ध रहेगा। आकाशवाणी से हिन्दी प्रसारण के तुरंत बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी **मन की बात** कार्यक्रम का प्रसारण होगा।

0000000000000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पेरिस ओलंपिक में सभी खिलाडियों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है और हर भारतीय को उन पर गर्व है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि वे पेरिस ओलंपिक में पूरे भारतीय दल के प्रयासों की सराहना करते हैं। प्रधानमंत्री ने खेल नायकों को उनके आगामी प्रयासों के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

पेरिस ओलंपिक में 16 खेलों में कुल 117 भारतीय खिलाडियों ने भाग लिया। भारत एक रजत और पांच कांस्य पदक के साथ पदक तालिका में 71वें स्थान पर रहा।

0000000000000

नामसाई जिले में 'हर घर तिरंगा' अभियान के शुभारंभ के अवसर पर उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, सीबीओ, पंचायत सदस्यों और जनता की सक्रिय भागीदारी के साथ 'तिरंगा यात्रा' नामसाई में 2 मील से जिला सचिवालय तक निकाली गई।

कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने प्रतिभागियों को तिरंगा शपथ दिलाई और जेडपीसी, जेडपीएम, स्कूल के प्रिंसिपलों, प्रशासन और पीआरआई नेताओं को तिरंगा सौंपा। कपड़ा और हस्तशिल्प मंत्री न्यातो दुकम ने दापोरिजो में एक उत्साही तिरंगा यात्रा का नेतृत्व करके हर घर तिरंगा अभियान में भाग लिया। सागली में, विधायक रतु तेची ने रविवार को बालापु गांव से तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारंभ किया

00000000000000

तवांग ब्रिगेड के कमांडर ब्रिगेडियर वी.एस. राजपूत ने कहा है कि राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना प्रत्येक नागरिक की मौलिक जिम्मेदारी है। आज हमें जो आजादी मिली है, वह हमारे वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान का परिणाम है और हमें इस आजादी की रक्षा करनी है। यह बात उन्होंने तवांग जिला उपायुक्त कान्की दरंग के साथ संयुक्त रूप से तिरंगा यात्रा और साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कही।

00000000000000

दापोरिजो में आयोजित समुदाय-आधारित संगठनों और पंचायत नेताओं की समन्वय बैठक में अपर सुबनसिरी जिले में नशीली पदार्थ के दुरुपयोग के मामलों में वृद्धि के मुद्दा पर चर्चा कि गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए आईपीआर और प्रिंटिंग मंत्री न्यातो दुकम ने आश्वासन दिया कि नशीली पदार्थ के दुरुपयोग के खिलाफ एक जिला-व्यापी पहल शुरू की जाएगी ताकि इस बढ़ते खतरे के खिलाफ लड़ाई में अपर सुबनसिरी को 'एक आदर्श जिला' बनाया जा सके।

00000000000000

ताली विधायक जिक्के ताको ने रविवार को ताली में एडीसी कार्यालय में विभागाध्यक्षों के साथ समन्वय बैठक में उप-मंडल में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सरकारी विभागों और अधिकारियों को सरकार द्वारा निर्धारित विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक टीम के रूप में काम करने की सलाह दी।

0000000000000

सुबनसिरी अपर प्रोजेक्ट, एनएचपीसी लिमिटेड ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी पहल के तहत ताड़क दुलोम जिला अस्पताल, दापोरिजो को दो उन्नत जीवन रक्षक एम्बुलेंस प्रदान की। मंत्री न्यातो दुकम ने आज जिला अस्पताल परिसर में आयोजित एक समारोह में अपर सुबनसिरी डिप्टी कमिश्नर तासो गाम्बो को दोनों एम्बुलेंस की चाबियाँ सौंपी। इस अवसर पर विधायक तानिया सोकी और रोदे बुई सहित अन्य लोग भी मौजूद थे।

000000000000000

मौसम विभाग ने पापुम पारे जिले में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जहां अलग-अलग स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह भी पूर्वानुमान लगाया है कि वेस्ट कामेंग, ईस्ट कामेंग और लोंगडिंग जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है। कुरुंग कुमे, अपर सुबनसिरी, लेपरादा, लोअर सियांग, नामसाई, चांगलांग और तिरप जिलों के लिए भी येलो अलर्ट जारी किया गया है, जहां अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है।

0000000000000